गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं. : एनडी/गेल/सेक्ट/2018

जनवरी 16, 2018

लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई- 400 051

2. लिस्टिंग विभाग,
बांबे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
फ्लोर 1, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया **"गैज़प्रॉम मार्केटिंग एवं ट्रेडिंग सिंगापुर पीटीई लिमिटेड तथा गेल (इंडिया) लिमिटेड ने दीर्घकालिक विक्रय एवं क्रय समझौते के तहत आपूर्ति प्रारंभ करने की पुष्टि की - मूल रूप से 2012 में सहमति के अनुसार 20 साल की एलएनजी आपूर्ति का सौदा वर्ष 2018 से प्रारंभ होगा"** से संबंधित प्रेस विज्ञपित संलग्न है।

यह आपके सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु है।

धन्यवाद,
भवदीय,

हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रति :

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई — के/ए-श्री ऐलेन लॉप्स
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल, सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

# गैज़प्रॉम मार्केटिंग एवं ट्रेडिंग सिंगापुर पीटीई लिमिटेड तथा गेल (इंडिया) लिमिटेड ने दीर्घकालिक विक्रय एवं क्रय समझौते के तहत आपूर्ति प्रारंभ करने की पुष्टि की

## मूल रूप से 2012 में सहमति के अनुसार 20 साल की एलएनजी आपूर्ति का सौदा वर्ष 2018 से प्रारंभ होगा

**नई दिल्ली, 16 जनवरी 2018:** गेल और गैज़प्रॉम ने मूल रूप से वर्ष 2012 में हस्ताक्षरित दीर्घावधि के एलएनजी विक्रय एवं क्रय समझौते (एसपीए) पर सफलतापूर्वक पुन: मोलभाव करने के बाद अपनी साझेदारी को सुदृढ़ किया है। इस आशय के लिए श्री गजेंद्र सिंह, निदेशक (विपणन), गेल (इंडिया) लिमिटेड और श्री विटाली वेसीलीव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गैज़प्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग लिमिटेड के मध्य आज नई दिल्ली में एक संशोधन पर हस्ताक्षर किए गए।

वर्ष 2012 में गेल द्वारा गैज़प्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर (जीएमटीएस) के साथ डीईएस (पोत से डिस्चार्ज) आधार पर 2.5 एमएमटीपीए के एक दीर्घकालिक एलएनजी विक्रय एवं क्रय समझौते को क्रियान्वित किया गया था, जिसके अंतर्गत वर्ष 2018 की दूसरी तिमाही में आपूर्ति प्रारंभ की जानी है।

दोनों पक्ष एलएनजी आपूर्ति की कीमत और मात्रा के समायोजन के लिए सहमत हुए हैं, जिससे गेल को इन वॉल्यूमों के ऑफटेक से वृद्धिशील गैस बाजारों को विकसित करने में सक्षम बना दिया गया है जिससे मात्रा के जोखिम को कम किया जा सकता है।

गैज़प्रोम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग के सीईओ श्री विटाली वेसीलीव ने कहा : मैं, यह घोषणा करते हुए उत्साहित हूं कि हम अपने प्रारंभिक वचन को पूरा करने और 2018 में एलएनजी आपूर्ति शुरू करने के लिए सहमत हुए हैं। हम आगे बढ़ते हुए गेल के साथ एक पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को मजबूत करने की आशा करते हैं।"

इस विकासक्रम पर श्री बी सी त्रिपाठी, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, गेल (इंडिया) ने कहा कि "यह समझौता एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान है जो भारत-रूस व्यापार संबंधों के अंतर्गत एलएनजी बाजारों के विकास में गेल और गैज़प्रॉम की साझेदारी की पुष्टि करता है।" यह सौदा गेल के लिए एलएनजी पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए एक कदम है जो कई भौगोलिक क्षेत्रों में व्याप्त होगा ताकि ग्राहकों को सेवा में अधिक लचीलापन प्रदान किया जा सके। दोनों कंपनियों के मध्य संबंधों का यह अध्याय पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणामों के लिए पोर्टफोलियो अनुकूलन और एलएनजी स्वैप सौदे में आगे के अवसरों की खोज का मार्ग प्रशस्त करता है।

वर्ष 2012 में हस्ताक्षरित एसपीए दो कंपनियों द्वारा 20 साल का लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) विक्रय एवं क्रय समझौता है जो 18 मई 2011 को पहले मूलभूत ढांचे समझौते (बीएफए) पर हस्ताक्षर करने के बाद किया है। वर्ष 2018 में संयुक्त राज्य अमेरिका और गैज़प्रॉम से एलएनजी आपूर्ति शुरू होने के साथ, गेल का एलएनजी पोर्टफोलियो दुनिया में एलएनजी के कुछ सबसे बड़े व्यापारियों के समूह में शामिल करेगा।

### <u>गेल (इंडिया) लिमिटेड</u>

गेल प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला ट्रेडिंग, ट्रांसमिसन, एलपीजी उत्पादन एवं ट्रांसमिशन, एलएनजी पुनः गैसीफिकेशन, पेट्रोकेमिकल्स, शहर गैस, ई एंड पी आदि के विविध हितों सहित भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है। गेल वर्ष 2020 तक लगभग रु.20,000 के निवेश से 15000 कि.मी. से अधिक बना कर 4000 कि.मी. तक अपने पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार कर रही है। गेल का गैस ट्रांसमिशन में 75% मार्केट शेयर है और भारत में 50% से अधिक का गैस ट्रेडिंग हिस्सा है। संयुक्त राज्य अमेरिका और सिंगापुर में सहायक कंपनियों के माध्यम से इसकी बढ़ती अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति भी है।

### <u>गैज़प्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर पीटीई लिमिटेड (जीएम एंड टीएस)</u>

गैज़प्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर (जीएम एंड टीएस) ने दिसंबर 2009 में एलएनजी व्यापार और विपणन, शिपिंग और कार्बन रिडक्शन प्रोजेक्ट्स के प्लेटफॉर्म के रूप में एशिया पैसेफिक मार्केट्स में प्रचालन शुरू किया। तब से गैज़प्रॉम का व्यापार अपने कोर पोर्टफोलियो, एलएपीजी व्यापार और मुद्रा में बढ़ने के साथ सिंगापुर के प्रचालन में 60 से अधिक लोग जुड़ गए हैं।

जीएम और टीएस ने भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, ताइवान, चीन, मलेशिया और थाईलैंड में सक्रिय रूप से व्यापार के माध्यम से बाजार में अपनी प्रतिष्ठा हासिल कर ली है।

**<u>गैज़प्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग लिमिटेड (जीएम एंड टी लिमिटेड)</u>**

गैज़प्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग लिमिटेड (जीएम एंड टी) यूनाइटेड किंगडम में पंजीकृत पीएओ गैज़प्रॉम ("गैज़प्रॉम") परिसंपत्ति आधार पर विश्व की बृहदाकार गैस कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसका विश्व के कुल प्राकृतिक गैस भंडार का लगभग 17% तथा रूस में लगभग 72% प्राकृतिक गैस भंडार विद्यमान है। जीएम एंड टी का मुख्यालय लंदन में है तथा यह यूरोप की लिब्रलाइज़्ड मार्केट में गैज़प्रॉम के विपणन और व्यापारिक गतिविधियों के प्रबंधन हेतु वर्ष 1999 में स्थापित किया गया था। जीएम एंड टी का मुख्यालय लंदन में है और गैज़प्रॉम की ऊर्जा उपयोगी परिसंपत्तियों के अनुकूलन और इसके विपणन और व्यापारिक नेटवर्क के माध्यम से डाउनस्ट्रीम विस्तार के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड और स्विट्ज़रलैंड में सहायक कंपनियों के साथ जीएम एंड टी गैस, पॉवर, तेल और तेल उत्पादों, कार्बन, एलएनजी और एफएक्स सहित ऊर्जा वस्तुओं में व्यापार करता है।